# महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय

**एम. एस. जे. महाविद्यालय परिसर, भरतपुर -321001**

Tele No.: 05644-220229 (O) Fax No. : 05644-220560 (O)

Email-vc@msbrijuniversity.ac.in

क्रमांक :— प. 3(11)मसूबृवि / अकाद / 2020 / 603 दिनांक:— 22.08.2020

## दिनांक 20.08.2020 को आयोजित अकादमिक परिषद् की आकस्मिक बैठक का कार्यवाही विवरण

राज्य सरकार के निर्देशों के क्रम में माननीय कुलपति महोदय के आदेशानुसार कोविड–19 महामारी के देखते हुऐ विश्वविद्यालय की वर्ष 2019–20 की स्थगित परीक्षाओं कें आयोजन, परिणाम घोषित करने एवं आगामी सत्र 2020–21 के सुचारू संचालन आदि पर चर्चा करने हेतु अकादमिक परिषद् की आकस्मिक बैठक दिनांक 20.08.2020 को अपराह्न 12:30 बजे विश्वविद्यालय परिसर के सभाकक्ष में ऑनलाइन* / ऑफलाइन आयोजित की गई ।

अकादमिक परिषद् की बैठक में निम्नलिखित सदस्य ऑनलाइन / ऑफलाइन उपस्थित हुए :–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Prof. R.K.S. Dhakarey | The Vice-Chancellor & Chairman |
| 2. | Smt. Suchi Sharma, IAS, Principal Secretary. (Online) | Higher Education or her Nominee |
| 3. | Sri Sandesh Nayak, IAS (Online) | Director of College Education |
| 4. | Dr. M.L. Chhipa, Ex-VC Maharishi Dayanand Saraswati University, Ajmer (Online) | Chancellor's Nominee |
| 5. | Dr. Anil Shrivatava, Principal MSTT College, Bharatpur | Nominated by Govt. |
| 6. | Dr. Prem Singh Khuntela, Retd., Prof., Bharatpur | Nominated by Govt. (Retd) |
| 7. | Dr. Ashok Agrawal, Associate Prof., Bharatpur | Nominated by Govt. |
| 8. | Dr. Vivek Sharma | Dean, Faculty of Commerce & Chairman of BOS, EAFM |
| 9. | Sri K.S. Mishra | Dean, Faculty of Law |
| 10. | Dr. I.P. Singh | Dean, Faculty of Arts & Chairman of BOS, Hindi |
| 11. | Dr. D.D. Gupta | Chairman of BOS, ABST |
| 12. | Sri. O.P. Solanki | Chairman of BOS, Geography |
| 13. | Dr. Paramjeet Singh | Chairman of BOS, Physics |
| 14. | Dr. Ravindra Sharma | Chairman of BOS, Business Administration |
| 15. | Sri. C.M. Koli | Chairman of BOS, Sanskrit |
| 16. | Dr. Reeta Gupta | Chairman of BOS, Economics |
| 17. | Dr. S.S. Ahlawat | Chairman of BOS, Sociology |
| 18. | Smt. Madhu Sharma | Chairman of BOS, Home Science |
| 19. | Dr. R.C. Verma | Chairman of BOS, Drawing & Painting |
| 20. | Dr. Meenu Arvind Agarwal | Chairman of BOS, Psychology |
| 21. | Dr.Dheerendra Devarshi | Chairman of BOS, Zoology |

| | | |
|---|---|---|
| 22. | Dr. Preeti Sharma | Chairman of BOS, Chemistry |
| 23. | Dr.Renu Kulshrestha | Ex Chairman of BOS, Chemistry (Special Invitee Member) |
| 24. | Dr. S.K. Upadhayay | Chairman of Public Admin |
| 25. | Sri. B.K. Kulshrestha (Online) | Dean, Faculty of Science & Chairman of BOS, Maths |
| 26. | Sri.Shaukat Ali, Registrar | Member Secretary |
| 27. | Dr.Arun Kumar Panday, Dy.Registrar | Special Invitee Member |
| 28. | Dr.Farbat Singh,Asstt.Registrar (Exam) | Special Invitee Member |

* सदस्यगण को उक्त बैठक में आनॅलाइन सम्मिलित होने के लिए **meet.google.com/wfw-yoes-ukb** link 20.08.2020 at 12:00 to 03:00P.M. लिंक भेजी गई।

क्रम संख्या 02, 03 व 04 के सम्मानित सदस्यगण प्रशासनिक व्यस्थता अथवा तकनीकी कारणों से बैठक में आनॅलाइन सम्मलित नही हो पाए।

बैठक के प्रारम्भ में अध्यक्ष/माननीय कुलपति महोदय ने अकादमिक परिषद् की बैठक में उपस्थित सभी माननीय सदस्यों का स्वागत किया। कुलसचिव श्री शौकत अली का कुलपति महोदय द्वारा परिचय कराया गया। अकादमिक परिषद की बैठक में उपस्थित सदस्यों ने भी अपना– अपना परिचय दिया। माननीय कुलपति महोदय के निर्देश पर डा.फरबट सिंह, सहायक कुलसचिव (परीक्षा) ने दिनांक 07.08.2020 को सम्पन्न हुई परीक्षा समिति की बैठक के निर्णयों को सभी सदस्यगण के समक्ष प्रस्तुत किया। उच्च शिक्षा (ग्रुप–4) के पत्रांक प.3(7)/शिक्षा/4/2007 जयपुर, दिनांक 13.08.2020 के निर्देशानुसार विद्यार्थियों की परीक्षा/परीणाम/प्रमोशन आदि के विषय में बैठक में बिन्दुवार विचार–विमर्श कर निर्णय लिए गए –

1. **एजेण्डा बिन्दु** 01:– **स्नातक प्रथम वर्ष** (बी.ए./बी.एससी./बी.कॉम./बी.सी.ए.) प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों को द्वितीय वर्ष में प्रमोट कर परिणाम घोषित करना।

   **निर्णयः**– स्नातक प्रथम वर्ष (बी.ए./बी.एससी./बी.कॉम./बी.सी.ए.) के विद्यार्थियों को द्वितीय वर्ष में प्रमोट कर सत्र 2020–21 में द्वितीय वर्ष की परीक्षा के उपरान्त प्राप्तांकों एवं प्रति विषय, प्रति पेपर (05) पांच प्रतिशत बोनस अंक देकर परीक्षा परिणाम घोषित कर अंक तालिका जारी करने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया।

2. **एजेण्डा बिन्दु** 02:– **स्नातक द्वितीय वर्ष** (बी.ए./बी.एस.सी./बी.कॉम./बी.सी.ए.) के विद्यार्थियों को तृतीय वर्ष में प्रमोट कर परिणाम घोषित करना।

   **निर्णयः**– सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि स्नातक द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों को स्नातक तृतीय वर्ष में प्रमोट किया जाए एवं प्रथम वर्ष में अर्जित अंकों व प्रति विषय प्रति पेपर पांच (05) प्रतिशत बोनस अंक देकर स्नातक द्वितीय वर्ष का परिणाम घोषित किया जानकर अंक तालिका जारी की जाऐं।

3. **एजेण्डा बिन्दु** 03:– स्नातक प्रथम वर्ष एवं द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों के Due Papers.

   **निर्णयः**– स्नातक प्रथम वर्ष एवं द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों के Due Papers में उनके द्वारा परीक्षा सत्र 2020–21 में प्राप्तांको में पांच (05) प्रतिशत बोनस अंक देकर परिणम घोषित करने का निर्णय लिया गया

4. **एजेण्डा बिन्दु** 04:– स्नातक प्रथम वर्ष के अनिवार्य विषयों की परीक्षा।
   **निर्णयः**– निर्णय संख्या 1व 2 के अनुसार आयोजित कर परिणाम घोषित किये जाएगें।

5. **एजेण्डा बिन्दु** 05:– स्नातक व स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में अंक सुधार व स्नातक अतिरिक्त विषय की परीक्षा एव परिणाम घोषित करना।
**निर्णयः–** स्नातक व स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में अंक सुधार व स्नातक अतिरिक्त विषय के विद्यार्थियों को आगामी सत्र 2020–21 की परीक्षा में बैठाने का निर्णय लिया गया।

6. **एजेण्डा बिन्दु** 06:– एल.एल.बी. (सेमे0 प्रथम, द्वितीय, चतुर्थ एवं छठा) एंव ,डी.एल.एल (एक वर्षीय पाठ्यक्रम ) की परीक्षाऐं आयोजित कराने एवं एल.एल.बी. छठे सेमे0 में इर्न्टनशिप के स्थान पर प्रोजेक्ट वर्क लागू करने पर चर्चा की गई।

**निर्णयः–** बी.सी.आई. के दिशानिर्देशों के अनुसार एल.एल.बी.(सेमे0 प्रथम, द्वितीय, चतुर्थ एवं छठा) की परीक्षा प्रोजेक्ट/असाइनमेन्टस् के आधार पर आयोजित करा कर मूल्यांकन के उपरान्त परीक्षा परिणाम घोषित कर अंक तालिका जारी करने का निर्णय लिय गया। यह भी निर्णय लिया गया कि डी.एल.एल (एक वर्षीय पाठ्यक्रम ) की परीक्षा स्थिति सामान्य होने के पश्चात वर्तमान में प्रचलित प्रणाली से ही बी.सी.आई/राज्य सरकार के दिशा निर्देशानुसार यू.जी.सी द्वारा जारी SOP का पालन करते हुए आयोजित कराई जाए।

7. **एजेण्डा बिन्दु** 7:–
(अ.) स्नातकोत्तर (पूर्वाद्ध) वार्षिक प्रणाली के विद्यार्थियों को स्नातकोत्तर (उत्तराद्ध) में प्रमोट कर परिणाम घोषित करना।
(ब.) स्नातकोत्तर द्वितीय सेमेस्टर (गणित व भूगोल) के विद्यार्थियों को तृतीय सेमेस्टर में प्रमोट कर परिणाम घोषित कर अंकतालिका जारी करना।
**निर्णयः–** (अ.) स्नातकोत्तर पूर्वाद्ध के विद्यार्थियों को स्नातकोत्तर उत्तराद्ध की परीक्षा 2021 के प्राप्तांकों एवं पांच (05) प्रतिशत प्रति पेपर बोनस अंक देकर परिणाम घोषित कर अंकतालिका जारी करने का निर्णय लिय गया।
(ब.) स्नातकोत्तर द्वितीय सेमेस्टर (गणित व भूगोल) के विद्यार्थियों को प्रथम सेमेस्टर के प्राप्तांको एवं 05 प्रतिशत प्रति पेपर बोनस अंक देकर परीक्षा परिणाम जारी कर अंकतालिका जारी करने का निर्णय लिया गया।

8. **एजेण्डा बिन्दु** 08:– स्नातक तृतीय वर्ष (बी.ए./बी.एससी./बी.कॉम./बी.सी.ए.) एवं स्नातकोत्तर (उत्तराद्ध/टर्मिनल सेमेस्टर ) के विद्यार्थियों के परीक्षा आयोजित कराने एवं परिणाम जारी करना ।

**निर्णयः–**माननीय सर्वोच्च न्यायालय/यू.जी.सी/राज्य सरकार के निर्देशानुसार स्नातक तृतीय वर्ष एवं स्नातकोत्तर (उत्तराद्ध /टर्मिनल सेमेस्टस्र ) के विद्यार्थियों की परीक्षाऐं सामान्य स्थिति होने पर आयोजित कर परीक्षा परिणाम घोषित कर अंकतालिका जारी करने का निर्णय लिया गया। यह भी निर्णय लिय गया कि परीक्षा अवधि 3 घण्टें के स्थान पर 2 घण्टें किया जाए । विद्यार्थियों को प्रश्न पत्र में यूनिट सिस्टम से मुक्त किया जाए एवं 5 प्रश्नों के स्थान पर 3 प्रश्न ही हल करने की सुविधा प्रदान की जाए। यदि स्नातक/स्नातकोत्तर अंतिम वर्ष/टर्मिनल सेमेस्टर के विद्यार्थियों के किसी भी वर्ष /सेमेस्टर के Due Papers (Compulsory / Optional) हैं तो उन्हे इसी परीक्षा सत्र में परीक्षा देने का अवसर दिया जाएगा। इस सम्बधं में संबधित डॉ. विवके शर्मा , अधिष्ठाता, वाणिज्य संकाय की अध्यक्षता में संकाय अधिष्ठाताओं की समिति गठित करने का निर्णय लिया गया, जो निम्नानुसार होगी :–

| S.No | Name | Designation |
|---|---|---|
| 1. | Dr. Vivek Sharma,<br>Principal MSJ College, Bharatpur | Chairman, Dean,<br>Faculty of Commerce |
| 2. | Dr. Dheerendra Devarshi ,<br>MSJ College, Bharatpur | Convenor, Chairman of BOS,<br>Zoology |

| | | |
|---|---|---|
| 3. | Sri. B.K. Kulshreshta,<br>Principal Govt. College, Dholpur | Member, Dean, Faculty of Science |
| 4. | Dr. I.P. Singh,<br>Principal Govt. College, Saipau, Dholpur | Member, Dean, Faculty of Arts |
| 5. | Sri. Haridas Meena,<br>Principal, Govt. Girls College, Dholpur | Member, Dean, Faculty of Social Science |
| 6. | Sri. K.S. Mishra,<br>Principal, Govt. Law College, Bharatpur | Member, Dean, Faculty of LAW |
| 7. | Dr. Farbat Singh ,AR Exam | Special Invitee Member |

9. **एजेण्डा बिन्दु** 09:– बी.एड.(प्रथम / द्वितीय वर्ष) ,बी.ए.–बी.एड. / बी.एससी.(प्रथम / द्वितीय / तृतीय वर्ष) व एम.एड. ( सेमेस्टर प्रथम / द्वितीय / तृतीय / चतुर्थ) की परीक्षा आयोजित कराना ।

   **निर्णयः–** स्थिति सामान्य होने पर एन.सी.टी.ई के निर्देशानुसार बी.एड.(प्रथम / द्वितीय वर्ष) ,बी.ए.–बी.एड. / बी.एससी.बी.एड(प्रथम / द्वितीय / तृतीयवर्ष) व एम.एड.( सेमेस्टर प्रथम / द्वितीय / तृतीय / चतुर्थ) की परीक्षा आयोजित कराने का निर्णय लिया गया।

10. **एजेण्डा बिन्दु** 10:– आवासीय पाठ्यक्रम स्नातक – बी.ए.एलएल.बी. (सेमे0 द्वितीय एवं चतुर्थ) स्नातकोत्तर – सेमेस्टर द्वितीय एवं चतुर्थ (ड्रॉइंग एंड पेन्टिग, होम साइन्स, गणित, ऑपरेशन रिसर्च)

    **निर्णयः–** बी.ए.एल.एल.बी. (सेमे0 द्वितीय एवं चतुर्थ) की परीक्षाऐं बी.सी.आई के निर्देशानुसार आयोजित कराने का निर्णय लिया गया। स्नातकोत्तर – सेमे0 द्वितीय (ड्रॉइंग एंड पेन्टिग, होम साइन्स, गणित, ऑपरेशन रिसर्च) के विद्यार्थियों के प्रथम सेमेस्टर के प्राप्तांको में 5 प्रतिशत बोनस प्रति पेपर देकर परीक्षा परिणाम जारी कर,, अंकतालिका जारी करने का निर्णय लिया गया। स्नातकोत्तर– सेमे0 चतुर्थ की परीक्षाऐं आयोजित कर परीक्षा परिणाम जारी कर अंकतालिका जारी करने का निर्णय लिया गया।

11. टेबल एजेण्डा बिन्दु 11:– सदस्यगण ने यह भी प्रस्ताव रखा कि सत्र 2020–21 के लिए समस्त विषयों के पाठ्यक्रमों को 30 प्रतिशत तक कम किया जाए ।
    **निर्णयः–** सभी सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से इस प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया। प्रमोशन एवं परीक्षा परिणाम जारी करने सम्बन्धी उपरोक्त सभी निर्णय केवल सत्र 2019–20 की शेष रही परीक्षाओं पर ही लागू होंगे। अगर कोई विद्यार्थी प्रमोशन द्वारा परीक्षा परिणाम जारी करने के उक्त प्रावधानों के बाद जारी परीक्षा परिणाम से सतुंष्ट नही होता है तो उसे स्थिति सामान्य होने पर परीक्षा में बैठने की अनुमति दी जाएगी।

12. टेबल एजेण्डा बिन्दु 12:– राज्य सरकार द्वारा प्रस्तावित 'आनन्दम' कोर्स यू.जी / पी.जी में नये कोर्स शुरू करने के प्रस्ताव पर चर्चा की गई

    **निर्णयः–** प्रस्ताव का सर्वसम्मति से अनुमोदन कर निर्णय लिया गया।

13. टेबल एजेण्डा बिन्दु 13:– माननीय कुलपति महोदय के द्वारा बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों को अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय परिसर में सत्र 2020–21 से स्वः वित्त पोषित स्कीम के तहत

सेमेस्टर प्रणाली से कुछ नये कोर्स शुरू किये जाने बाबत निम्न विभाग खोले जा रहे है :–

Deptt. of Chemistry
Deptt. of Physics
Deptt. of Political Science
Deptt. of Physical Education
Deptt. of Library Science

उपरोक्त के अतिरिक्त दो डिप्लोमा कोर्सेज( 06 माह) भी शुरू किये जा रहे है: –

1.Food Processing & Bakery
2. राजस्थान का इतिहास, भूगोल एवं संस्कृति ।

उक्त सभी कोर्सेज के पाठ्यक्रमों के निर्धारण के लिए एक तदर्थ समिति एवं BOS का गठन किया जाएगा।

**निर्णयः**– बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों द्वारा उक्त प्रस्ताव का सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया।

14. टेबल एजेण्डा बिन्दु 14:– विश्वविद्यालय द्वारा विभिन्न विषयों में संचालित शोध कार्यो के समुचित प्रबंधन के लिए निम्न पद स्वः वित्त पोषित प्रणाली के अन्तर्गत सृजित करने का प्रस्ताव रखा गया–
    1. Director, Research
    2. Dy.Director, Research
    3. Director ,College Development Council

**निर्णयः**– उक्त प्रस्ताव को सभी सदस्यों के द्वारा शीघ्रातिशीघ्र लागू करने का निर्णय लिया गया।

15. टेबल एजेण्डा बिन्दु 15:– BOS भूगोल के Convenor Sri.O.P. Solanki , Dean ,Science & BOS Maths के Convenor Sri.B.K. Kulshrestha एवं BOS Drawing & Painting Convenor Dr. R.C. Verma ने प्रस्ताव रखा कि भूगोल, गणित एवं Drawing & Painting (संबद्व महाविद्यालयों में संचालित पाठ्यक्रम ) के सेमेस्टर प्रणाली को समाप्त कर वार्षिक प्रणाली शुरू की जाए।
    **निर्णयः**– सभी सदस्यों द्वारा उक्त प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया।

16. टेबल एजेण्डा बिन्दु 16:– एल.एल.एम (एक वर्षीय) पाठ्यक्रम को सत्र 2020–21 से बंद किया जाए।
    **निर्णयः**– सभी सदस्यों द्वारा उक्त प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया।
    उपरोक्त सभी एजेण्डा बिन्दुओं एवं निर्णयों के साथ साथ उक्त बैठक में माननीय कुलपति महोदय को अधिकृत किया गया कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय/राज्य सरकार/यू.जी.सी के निर्देशानुसार स्वयं निर्णय लेकर आदेश देगें।

(श्री शौकत अली)
कुलसचिव

(प्रो0 आर.के.एस धाकरे)
कुलपति

क्रमांक :– प. 3(11)मसूबृवि/अकाद/2018/603

दिनांक:–22.08.2020

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. वित्त नियंत्रक, म.सू.बृ.वि., भरतपुर
2. सहायक कुलसचिव परीक्षा, म.सू.बृ.वि., भरतपुर
3. प्रभारी वेबसाइट, म.सू.बृ.वि., भरतपुर
4. रक्षित पत्रावली, म.सू.बृ.वि., भरतपुर

(डॉ.फरबट सिंह)
सहायक कुलसचिव